फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी, जैतारण (पाली)

नेमीचन्द वगैरह बनाम तहसीलदार

किस्म मुकदमा :– राजस्व वाद, नम्बर :–113/2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हक हुक्म की तामील में जारी हुए
13.06.23	प्रार्थी उपस्थित। राज्य सरकार द्वारा आयोजित प्रशासन गांवो के संग अभियान बैड़कलां में पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 136, 131 LR Act. के तहत् पेश किया। वादी का दावा दर्ज रजिस्टर हो। प्रार्थी ने निवेदन किया कि मौजा–बैड़कलां में स्थित कृषि भूमि ख.नं. 291/5 एवं 286 में प्रार्थी की संयुक्त खातेदारी की भूमि हैं। प्रार्थी की आराजी में सैग्रीगेशन के समय सहवन से गलत तरमीम हो गई, ख.नं. 291/5 का रकबा 5.6656 हैक्टर व ख.नं. 286 का रकबा 4.9291 हैक्टर है, परन्तु सैग्रीगेशन के समय 291/5 का रकबा 8.09 हैक्टर व 286 का रकबा 2.48 हैक्टर गलत दर्ज हो गया व तरमीम भी गलत दर्ज हो गई, रकबा एवं तरमीम मौके अनुसार शुद्ध दर्ज किये जाने का निवेदन किया हैं। प्रशासन गांवो के संग अभियान बैड़कलां में मजमा–ए–आम में जानकारी प्राप्त की गई। पटवारी हल्का बैड.कलां, भू. अ. निरीक्षक बैड़कलां व तहसीलदार जैतारण ने जांच कर, प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें ख.नं. ख.नं. 291/5 एवं 286 संयुक्त खातेदारी की भूमि आयी हुई हैं। सैग्रीगेशन के समय सहवन से गलत तरमीम हो गई, ख.नं. 291/5 का रकबा 5.6656 हैक्टर व ख.नं. 286 का रकबा 4.9291 हैक्टर है, परन्तु सैग्रीगेशन के समय 291/5 का रकबा 8.09 हैक्टर व 286 का रकबा 2.48 हैक्टर गलत दर्ज हो गया व तरमीम भी गलत दर्ज हो गई, रकबा एवं तरमीम मौके अनुसार शुद्ध दर्ज किये जाने की अभिशंषा की हैं। अतः उपर्युक्त विवेचन के आलोक में प्रार्थी का प्रा. पत्र स्वीकार किया जाता हैं। पटवारी हल्का, भू. अ. निरीक्षक लाम्बिया व तहसीलदार जैतारण की अभिशंषा के आधर पर मौजा–बैड़कलां पटवार हल्का बैड़कलां में स्थित कृषि भूमि ख.नं. 286, 291/1 से 291/5 में रकबा एवं तरमीम शुद्धि किये जाने का आदेश दिया जाता हैं। तदनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद किया जावें। आदेशिका की प्रति तहसीलदार, जैतारण को भेजकर पालना मंगवाई जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से खारिज हो। बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल दफ्तर रेकर्ड हो। (SDO) उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर जैतारण (पाली)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Shyam Sundar Bishnoi
Date: 2023.12.11 14:16:56 IST
Reason: SelfAttested